# PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2023-24

## HINDI

**Time – 3 hrs.** **Class – V** **M.M. – 80**

*Name of the student* ________________ *Section* ____ *Date - 12.02.2024 (Monday)*

निर्देश-

1- इस प्रश्न पत्र में तीन खंड हैं-

2- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य हैं।

3 -प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर सुंदर एवं स्पष्ट अक्षरों में उत्तर लिखिए।

### खण्ड (अ)

**प्र.1 दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुन कर लिखिए (4)**

पर्वत कहता शीश झुका कर, तुम भी ऊँचे बन जाओ ।
सागर कहता लहरा कर, मन में गहराई लाओ ।
पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो,कितना ही हो सिर पर भार ।
नभ कहता है कि फैलो इतना,ढक लो तुम सारा संसार ।
समझ रहे हो क्या कहती है,उठ-उठ गिर कर तरल तरंग ।
भर लो - भर लो अपने मन में,मीठी -मीठी मृदुल उमंग ।

1) पर्वत हमें क्या प्रेरणा देता है?

क) नरम बनने की ख) ऊँचा उठने की ग) चलते रहने की

2) पृथ्वी हमसे कहती है -

क) धैर्य धारण करने को ख) आलस्य करने को ग) लालच करने को

3) **नभ** का पर्यायवाची शब्द हैं-

क) पृथ्वी ख) हवा ग) आकाश

4) कौन-से शब्द विपरीतार्थक हैं -

क) मीठी - मीठी ख) उठ - उठ ग) ऊँचा - नीचा

**प्र.2 दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुन कर लिखिए (4)**

प्रत्येक राष्ट्र का अपना एक राष्ट्रीय ध्वज होता है जो उस देश का राष्ट्रीय प्रतीक होता है। हमारे राष्ट्र का भी अपना एक राष्ट्रीय ध्वज है, जिसे तिरंगा कहते हैं। इन तीनों रंगों का बड़ा ही विशेष महत्व है। सबसे ऊपर होता है केसरिया रंग, जो वीरता व बलिदान का प्रतीक है। मध्य भाग में सफेद रंग है, जो शांति और अहिंसा का प्रतीक है। तीसरा रंग है हरा, जो खुशहाली तथा उन्नति का प्रतीक है। मध्य की सफेद रंग की पट्टी के बीच में नीले रंग में अशोक चक्र है, जिसमें 24 बराबर तीलियाँ है; जो हमें निरंतर प्रगतिशील रहने की प्रेरणा देता है ।

1) हमारे राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर कौन-सा रंग हैं?

क) केसरिया ख) सफेद ग) हरा

2) केसरिया रंग किसका प्रतीक है?

क) शांति और अहिंसा का  ख) खुशहाली तथा उन्नति का  ग) वीरता व बलिदान का

3) हमारा राष्ट्रीय ध्वज है-

क) तिरंगा  ख) सतरंगा  ग) रंगबिरंगा

4) अशोक चक्र में कितनी तीलियाँ है ?

क) 20  ख) 22  ग) 24

**प्र.3 खाली स्थान भरिए** **(4)**

क) भाईजान आरिफ़ के गाने की तुलना ________ के टर्राने से करते थे।

ख) अब्बा ने दफ़्तर जाते समय_______रुपए माँगे ।

ग) कोको की उम्र ______ वर्ष थी ।

घ) कोको के माता-पिता _________ लगाने खेतों में चले गए ।

ङ) अकाल और ______ एक ही _______ के दो पहलू है। **(2)**

**प्र.4 सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए -** **(4)**

क) मन के विभिन्न भावों को प्रकट करने वाले शब्द विस्मयादि बोधक कहलाते हैं। (  )

ख) काल के दो भेद होते है । (  )

ग) लाल- पीला होने का अर्थ है, बहुत गुस्सा होना । (  )

घ) प्रश्न के अंत में पूर्ण विराम का चिहन लगाया जाता है। (  )

**प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए -** **(4)**

क) वाक्य के पूर्ण होने पर लगाया जाता है -

ख) विराम का अर्थ है -

ग) झूट का शुद्ध रुप है -

घ) जिन शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते है, वे कहलाते हैं-

**प्र.6 किसने किससे कहा -** **(4)**

क) "शाब मैं चलूँगा । भेंड़े चराने मेरी बेटी चली जाएगी ।"

ख) "लड़के रुक जा, नहीं तो मैं गोली मार दूँगा ।"

**प्र.7 कर्म को क्रिया से सही जोड़ी द्वारा मिलाइए -** **(2)**

| **कर्म** | **क्रिया** |
|---|---|
| फूल | लिखना |
| पत्र | उगाना |
| गेंहूँ | पकाना |
| रोटी | खिलना |

**प्र.8 भारत में खरीदने-बेचने में 'रुपये' का इस्तेमाल होता है। इन देशो में क्या इस्तेमाल किया जाता है? (मुद्राओ के नाम लिखिए)** **(2)**

क) बांग्लादेश -  ख) इंग्लैंड -  ग) फ्रांस -  घ) जापान -

## खण्ड (ब)

**प्र.9 निम्नलिखित वाक्य को वर्तमान काल में बदल कर लिखिए -** **(2)**

"मयंक योगासन कर रहा था ।"

**प्र.10 निम्नलिखित विस्मयादिबोधक शब्दों से वाक्य बनाइए-** **(3)**

क) सावधान ! ख) अरे ! ग) काश !

**प्र.11 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए-** **(3)**

क) उत्तर ख) वार ग) सूत

**प्र.12 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए -** **(3)**

**क)** नौ दो ग्यारह होना ख) छक्के छुड़ाना

**प्र.13 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दुबारा लिखिए -** **(3)**

क) पिताजी को गुस्सा आ रही है ।

ख) हम बस से आगरा जाऊँगा ।

ग) गौरव ने यह घर खरीदी है ।

**प्र.14** 'एक दिन की बादशाहत' पाठ में अम्मी के अधिकार किसने छीन लिए थे ? क्या उन्हें अम्मी के अधिकार छीनने चाहिए थे ? **(4)**

**प्र.15** मुख्य पात्र और गौण पात्र किसे कहते हैं ? **(4)**

**प्र.16** अंधेर नगरी की प्रजा राजा के मरने पर खुश क्यों हुई ? **(4)**

**प्र.17** कीटनाशक दवाओं के छिड़काव वाले फलों एवं सब्जियों का सेवन करने से हमें क्या नुकसान हो सकता है ? इस प्रकार के फल और सब्जियों का इस्तेमाल करने से पहले किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है? **(4)**

**प्र.18** अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में पानी की बचत करने के लिए तुम क्या-क्या उपाय कर सकते हो? पाँच वाक्यों में लिखिए । **(5)**

**प्र.19** "चुनौती हिमालय की" पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती है?पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए । **(5)**

## खण्ड (स)

**प्र.20 किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-** **(5)**

क) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

ख) भला सभी का करना

ग) सपनों का भारत

**प्र.21** स्थानांतरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु प्राचार्य महोदय को **आवेदन पत्र लिखिए।** **(5)**

**अथवा**

नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम आने पर मित्र को **बधाई पत्र लिखिए** ।